ये मोरछड़ी बाबा की जब सर पे लगती

ये मोरछड़ी बाबा की जब सर पे लगती
चलता है इसका जादू भक्तों के दुःख हरती
ये मोरछड़ी बाबा की ....

कोई संकट हो तो इसका झाड़ा तुम लगवा लो
करती है करिश्मा भारी चाहे तुम आज़मा लो
बाबा की मोरछड़ी में सकलाई बड़ी रहती
चलता है इसका जादू भक्तों के दुःख हरती
ये मोरछड़ी बाबा की ....

मंदिर का तआला खोला ये मोरछड़ी ऐसी
सब दूर करे ये बाधा हो चाहे भी जैसी
उसका ये भाग्य बदल दे जिस पर है ये पड़ती
चलता है इसका जादू भक्तों के दुःख हरती
ये मोरछड़ी बाबा की ....

बाबा के संग कड़ी इतरावे लहरावे
चोखानी बाद भागी ही इसका झाड़ा पावे
भक्तों की बिगड़ी बातें हर हाल में बनती
चलता है इसका जादू भक्तों के दुःख हरती
ये मोरछड़ी बाबा की ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20862/title/ye-morchadi-baba-ki-jab-ser-pe-lagti

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |